# बिहार स्टेट पावर ट्रॉन्समिशन कम्पनी लि0

## (मानव संसाधन एवं प्रशासन विभाग)

निबंधित कार्यालय:-विधुत भवन, बेली रोड, पटना

Contact No:7763817975, 7763818077, email-hr.admin@bsptcl.bihar.gov.in, website-www.bsptcl.in

CIN-U74110 BR 2012 SGC 018889

कार्यालय आदेश सं0 — 58 / पटना, दिनांक 29/01/2025 /

T-IV/Misc/Allegation-4002/2024

विद्युत अधीक्षण अभियंता, संचरण अंचल, मुजफ्फरपुर के पत्रांक—336 दिनांक—29.04.2024 द्वारा श्री संतोष कुमार, पत्राचार लिपिक, संचरण अंचल, मुजफ्फरपुर के विरुद्ध अधिरोपित आरोप, जिसपर महाप्रबंधक—सह—मुख्य अभियंता, संचरण जोन, मुजफ्फरपुर के पत्रांक—332 दिनांक—24.06.2024 द्वारा सहमति प्रदान करते हुए श्री कुमार के विरुद्ध समुचित कार्रवाई करने हेतु अनुशंसा किया गया, के आलोक में सक्षम प्राधिकार द्वारा श्री कुमार को निलंबित करते हुए विभागीय कार्यवाही संचालित करने का निर्णय लिया गया। तदनुसार इस कम्पनी के कार्यालय आदेश संख्या—447 दिनांक—23.08.2024 द्वारा श्री कुमार को निलंबित किया गया एवं निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय संचरण अंचल, डेहरी—ऑन—सोन निर्धारित किया गया।

इस कम्पनी के कार्यालय आदेश संख्या—484 दिनांक—12.09.2024 द्वारा श्री कुमार के विरुद्ध गठित आरोपो के लिये विभागीय कार्यवाही संचालित की गई, जिसमें श्री विनोद कुमार सिंह, सेवानिवृत विद्युत कार्यपालक अभियंता, SBPDCL को जाँच पदाधिकारी एवं श्री धीरेन्द्र कुमार, प्रशाखा पदाधिकारी को उपस्थापन पदाधिकारी मनोनीत किया गया।

जाँच पदाधिकारी के पत्रांक—3284 दिनांक—18.12.2024 द्वारा श्री कुमार के विरुद्ध संचालित विभागीय कार्यवाही का जाँच प्रतिवेदन उपलब्ध कराया गया। उक्त जाँच प्रतिवेदन में श्री कुमार के विरुद्ध आरोप पत्र (प्रपत्र—क) में अधिरोपित सभी 05 (पाँच) आरोप प्रमाणित पाया गया। तदालोक में सक्षम प्राधिकार द्वारा जाँच प्रतिवेदन को स्वीकार करते हुए उक्त प्रमाणित पाये गये आरोपों के संदर्भ में कम्पनी के पत्रांक—160 दिनांक—17.01.2025 द्वारा श्री कुमार से द्वितीय कारण पृच्छा की गई। श्री कुमार के आवेदन दिनांक—20.01.2025 द्वारा उक्त कारण पृच्छा का जवाब उपलब्ध कराया गया, जिसमें उनके द्वारा उल्लेख किया गया कि उनकी नियुक्ति दिनांक—12.04.2022 को हुई है एवं प्रशिक्षण कराये बिना संचरण अंचल, मोतिहारी का प्रभार दिया गया एवं अक्टूबर 2023 में संचरण प्रमंडल, सीतामढ़ का प्रभार दिया गया, इस कारण अधिरोपित आरोप के संदर्भ में उनसे भूल हुई है। उल्लेखनीय है कि श्री कुमार का अनुकम्पात्मक नियुक्ति पत्राचार लिपिक के पद पर हुई एवं इनके दायित्व निर्वहन के लिए उन्हें पर्याप्त अवसर दिया गया। परन्तु विद्युत अधीक्षण अभियंता, संचरण अंचल, मुजफ्फरपुर द्वारा बार—बार समझाये जाने के बावजूद भी कुमार जान बूझ कर कार्य के प्रति उदासीन रहे। अतः इनका द्वितीय कारण पृच्छा का जवाब सर्वथा असंतोषजनक रहा, जिसे स्वीकार नहीं किया जा सकता है।

अतएव, श्री कुमार के विरुद्ध लगाये गये गंभीर आरोपों को प्रमाणित प्रतिवेदित किये जाने के कारण सक्षम प्राधिकार द्वारा निम्नांकित शास्ति प्रदान करते हुए निलंबन से मुक्त करने का निर्णय लिया गया हैः—

(i) दो वार्षिक वेतन वृद्धि पर संचयात्मक प्रभाव से रोक।

(ii) श्री कुमार पर लगाये गये आरोप प्रमाणित प्रतिवेदित है, अतः निलंबन अवधि के लिए मात्र नियमानुसार जीवन यापन भत्ता देय होगा, परन्तु उक्त निलंबन अवधि की गणना सेवोत्तर लाभ के लिए की जा सकेगी।

**तदनुसार श्री संतोष कुमार, पत्राचार लिपिक को निम्नांकित शास्ति प्रदान की जाती हैः—**

(i) दो वार्षिक वेतन वृद्धि पर संचयात्मक प्रभाव से रोक।

(ii) निलंबन अवधि के लिए मात्र नियमानुसार जीवन यापन भत्ता देय होगा, परन्तु उक्त निलंबन अवधि की गणना सेवोत्तर लाभ के लिए जा सकेगी।

टंकण—विकास कुमार

(कृ0पृ0उ0)

आदेश– आदेश दिया जाता है कि इस आदेश की प्रति श्री संतोष कुमार (E19103), तदेन पत्राचार लिपिक, संचरण अंचल, मुजफ्फरपुर; सम्प्रति निलंबित, संचरण अंचल, डेहरी ऑन सोन को हस्तगत करा दी जाय।

आदेश से,

ह0/–

(दीपक कुमार)
उप सचिव

ज्ञापांक – ____________/ पटना, दिनांक–____________/

प्रतिलिपि–महाप्रबंधक–सह–मुख्य अभियंता, संचरण जोन, पटना/मुजफ्फरपुर/भागलपुर/विद्युत अधीक्षण अभियंता/ वरीय प्रबंधक (मा0सं0/प्रशा0)/ लेखा पदाधिकारी, संचरण अंचल, मुजफ्फरपुर/ डेहरी ऑन–सोन/श्री संतोष कुमार (E19103), तदेन पत्राचार लिपिक, संचरण अंचल, मुजफ्फरपुर सम्प्रति निलंबित (निलंबन अवधि का मुख्यालय, संचरण अंचल, डेहरी ऑन सोन), को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**Email**

ह0/–

(दीपक कुमार)
उप सचिव

ज्ञापांक – 311/ पटना, दिनांक–29/01/2025/

प्रतिलिपि–महाप्रबंधक (मा0सं0/प्रशा0)/ महाप्रबंधक (वित्त एवं लेखा)/प्रबंध निदेशक के विशेष कार्य पदाधिकारी (मा0सं0/प्रशा0)/सभी उपमहाप्रबंधक (मा0सं0/प्रशा0)/उप सचिव/ डाटा बेस ऐडमिनिस्ट्रेटर/प्रशासी पदाधिकारी (ERP)/वरीय प्रबंधक (वित्त एवं लेखा)/लेखा पदाधिकारी, बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कम्पनी लिमिटेड, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

2. डाटा बेस ऐडमिनिस्ट्रेटर, बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कम्पनी लिमिटेड, पटना से अनुरोध है कि उक्त आदेश की प्रति कम्पनी के वेबसाईट पर अपलोड करने की कृपा की जाय।

29.1.25

(दीपक कुमार)
उप सचिव

टंकण–विकास कुमार